फाइन आर्ट एवं फोटोग्राफी सोसाइटी के द्वारा मधुबनी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

अदिति महाविद्यालय में 23 फरवरी 2026 को फाइन आर्ट एवं फोटोग्राफी सोसाइटी एवं उड़ान संस्था के समन्वित प्रयासों से भारत विभाजन थीम पर आधारित मधुबनी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को भारत विभाजन की त्रासदी को मधुबनी पेंटिंग के विविध आयामों से दर्शाते हुए चित्रित करना था। इसमें कॉलेज की छात्राओं ने उत्साह दिखाते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया । कॉलेज की तरफ से सभी छात्रों को कैनवस एवं पेंटिंग की सामग्री उपलब्ध कराई गई । उड़ान संस्था की ओर से श्रीमती रिचा कुमारी एवं श्रीमती तृप्ति त्यागी छात्राओं का मार्गदर्शन करने के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं । फाइन आर्ट एवं फोटोग्राफी समिति की कन्वीनर प्रोफेसर मधु लोमेश एवं को कन्वीनर प्रोफेसर तृप्ता ने कार्यक्रम आयोजन में विशिष्ट योगदान दिया । मधुबनी चित्रकला भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसकी उत्पत्ति बिहार के मिथिला क्षेत्र में हुई थी। इस कला के माध्यम से भारतीय लोक परंपरा, प्रकृति और धार्मिक कथाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाता है। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के छात्राओं ने भाग लिया।

सभी अध्यापिकाओं ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों के लिए सीखने का अवसर साबित हुई, बल्कि महाविद्यालय परिसर में कला और परंपरा का उत्सव भी बन गई। पारंपरिक आकृतियों का उपयोग करते हुए देवी-देवताओं लोककथाओं सामाजिक संदेशों एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। निर्णायक मंडल ने चित्रों की मौलिकता, रंग संयोजन और विषय-वस्तु के आधार पर मूल्यांकन किया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को धन्यवाद दिया गया।

प्रथम पुरस्कार - वंशिका
(तृतीय वर्ष) हिंदी पत्रकारिता
द्वितीय पुरस्कार - रश्मि प्रिया
(प्रथम वर्ष) बी • ए भूगोल
तृतीय पुरस्कार - तनुश्री शुक्ला
(तृतीय वर्ष) हिंदी पत्रकारिता